गतिविधि 10. *नीचे कुछ शब्द दिए हैं और सामने उनके दुसरे नाम भी दिए गए हैं आपको इन शब्दों को उनके दुसरे नाम के साथ मिलाना है।*

डाल	छोटी
नन्ही	साथ
भली	महक
संग	शाखा
गन्ध	अच्छी

गतिविधि 11. *नीचे चित्र को देखकर क्या आपके मुँह में पानी आया?*

बताओ तो क्या है इसका नाम?

....

इसका आकार कैसा है?

....

–किन्ही दो चीजों के नाम लिखो जो इसके जैसे गोल होती है।

....

–अपनी पसंद की किसी मिठाई का नाम बताओ और लिखो कि उसे बनाने के लिए क्या–क्या चाहिए होता है।

....

गतिविधि 12. *आप अपने आस–पास के कुछ फूल और पत्ते लाकर सुखाओ और सूखे फूल और पत्तों से अलग–अलग आकृतियां बनाओ। कुछ ऐसे–*

गतिविधि 13. *नीचे दिए गए चित्रों से एक कहानी बनाइए और उसका नाम भी रखिये।*



....

....

....

....

....

....

....

....

....

वर्कशीट निर्माणकर्ता –

आशीष तिवारी, गंभीर बुटोला, अवधेश गौड़, संजय सिंह, रेखा रावत, नीलमनेगी, उर्मिला मैठाणी, सुबोध

ब्लाक – चमोली जखोली,रुद्रप्रयाग

तकनीकी सहयोग

रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट

Room to Read

कक्षा– 2, वर्क शीट–8 (साप्ताहिक)

पाठ– 8 (तितली और कली)

बच्चे का नाम........................	स्कूल..
अभिभावक का नाम..................	मोबाइल नम्बर............................

अभिभावकों के लिए– हम आशा करते हैं कि आप या घर का कोई भी सदस्य इस वर्क शीट के कार्य को पूरा करने में बच्चे की मदद करेंगे।

गतिविधि 1. *अभिभावक बच्चों को अपने आस–पास के पेड़ पौधों को दिखाते हुए उन पर बातचीत करें, कि कैसे पेड़ हैं, बड़े–छोटे, लम्बे–चौड़े, इस पर क्या–क्या लगा है या क्या लगता है, आदि। इसके साथ ही बच्चों से दिए गए चित्र पर निम्न बिन्दुओ पर चर्चा करें। चित्र में क्या–क्या दिख रहा है? आपने अपने आस–पास नदी देखी है क्या वो भी ऐसे ही होती है? या इससे अलग होती है? उसके रंग, बहाव आदि के बारे में बताइए। फूलों के ऊपर कौन–कौन बैठता है, और वो फूलों पर बैठ कर क्या करते होंगे?*



गतिविधि 2. *कविता 'तितली और कली' को बच्चों के साथ गायें और फिर नीचे दिए गए प्रश्नों पर चर्चा करें।*

- तितली और कली ने क्या क्या बातें की होंगी?
  यदि आप भी वहाँ होते तो आप क्या बाते करते।
- तितली के अलावा फूलों पर और कौन–कौन बैठता है?
- तितली और कली ने कौन सा खेल–खेला होगा?
  आप भी अपने दोस्तों के साथ खेल–खेलते होंगे, अपने पसंदीदा खेलों के बारे में बताओ और उनके नाम लिखो।
- ....
- ....
- ....
- ....


8. तितली और कली

हरी डाल पर लगी हुई थी,
नन्ही सुंदर एक कली।
तितली उससे आकर बोली,
तुम लगती हो बड़ी भली।

अब जागो तुम आँखें खोलो,
और हमारे संग खेलो।
फैले सुंदर महक तुम्हारी,
महके सारी गली गली।

कली छिटककर खिली रंगीली
तुरंत खेल की सुनकर बात।
साथ हवा के लगी भागने,
तितली छूने उसे चली।

गतिविधि 3. *नीचे दिए गए चित्रों को ध्यान से देखो और बताओ की समय क्या हो रहा होगा सुबह, दोपहर या शाम। चित्र के नीचे दी गए जगह पर लिखिए, और नीचे दिए गए सवालों के जवाब दीजिये–*



....

- तितली कली के पास कब गई होगी?
- चित्रों में आपको समय का पता कैसे चला?
- समय का पता हम और कैसे लगा सकते हैं?

गतिविधि 4. *जैसे– कली–कली का मतलब होता है सारी कलियाँ, गली–गली का मतलब होता है सारी गलियाँ अब आप बताओ इनका मतलब क्या होता है।*

घड़ी–घड़ी..

घर–घर ....

गतिविधि 5. *शब्दों से मिलते जुलते शब्द सोचिये और लिखिए। जैसे– कली–भली, नली–गली, अब ऐसे ही नीचे दिए शब्दों से मिलते जुलते शब्द लिखिए।*

बोलो –..............   ...., *डाल –*..............   ....

गतिविधि 6. *बिंदुओं को मिलाओ और तितली का चित्र बनाकर उसमे अपनी पसंद का रंग भरो।*



गतिविधि 7. *बच्चे (ं) की मात्रा वाले शब्दों को पहचान कर उन पर गोला लगाएँ।*

बंदर, नहर, जंगल, अन्धा, रंग, औरत, संग, मगर, तुरंत

ं की मात्रा वाले शब्दों को पढ़ने का अभ्यास करें।

संग पतंग बंदर सारंगी जंगल संकेत तरंग संतरा रंगीन कंगन

गतिविधि 8. *बच्चों आपने बहुत सारी तितलियाँ देखी होंगी, अपने दोस्तों के साथ उनको पकड़ने की कोशिश भी की होगी।*

इन तितलियों में से आपको कौन सी तितली सबसे अधिक पसंद आयी और क्यों, लिखिए।

....

....

गतिविधि 9. *नीचे लिखे शब्दों को पढ़ने का अभ्यास करें।*

संग पतंग रंग जंगल तरंग कंगन रंगीन
चाँद आँख खाँसी बाँस काँच चाँदनी